Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 15-03-2007

Participants : Dangawas Shri Bhanwar Singh

an>

Title: Need to give Rajasthan its due share of water from Beas River.

श्री भँवर सिंह डांगावास (नागौर) : महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान रावी-व्यास नदी के जल में राजस्थान की शो हिस्सेदारी की ओर दिलाना चाहता हूं। महोदय, पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के बाद पंजाब तथा हरियाणा के मध्य वा 1955 में हुए समझौते के अनुसार जल विभाजित किया गया था और 1981 में तत्कालीन प्रधानमंत्री की उपस्थिति में पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के मुख्यमंत्रियों के बीच व्यास नदी के जल बंटवारे के बारे में एक समझौता हुआ था, इस समझौते के अनुसार राजस्थान का हिस्सा 8.6 एम.ए.एफ निर्धारित किया गया जो कि अधिकांश जल का 52.70 प्रतिशत है। उस समय इंदिरा गांधी नहर परियोजना प्रारंभिक अवस्था में थी और राजस्थान सम्पूर्ण हिस्से को उपयोग में लेने की स्थिति में नहीं था। अब इन्दिरा गांधी नहर प्रणाली के तीव्र विकास के कारण राजस्थान अपने सम्पूर्ण हिस्से के उपयोग की स्थिति में है। राजस्थान अपने हिस्से के शो 0.6 एम.ए.एफ जल को लौटाने के लिए केन्द्र सरकार और पंजाब सरकार तथा भाखड़ा व्यास प्रबंधन मंडल को आग्रह कर रहा है।

महोदय, आपके माध्यम से मेरा केन्द सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान की, जल की आवश्यकता को देखते हुएए राजस्थान को अपने हिस्से का 0.6 एम.ए.एफ पानी दिलाने के निर्देश पंजाब सरकार को देने का कट करें।

---

* Treated as laid on the Table